ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने राज्य के पूर्व महाधिवक्ता श्री राम बालक महतो के निधन पर गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की

पटना, 29 अक्टूबर 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने बिहार राज्य के पूर्व महाधिवक्ता और ख्यातिप्राप्त कानूनविद् श्री राम बालक महतो के निधन पर अपनी गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की है।

राज्यपाल श्री चौहान ने अपने शोकोद्गार में कहा है कि स्व॰ राम बालक महतो एक विद्वान महाधिवक्ता और ख्यातिप्राप्त कानूनविद् थे। स्व॰ महतो समाज के गरीब, कमजोर और अभिवंचित वर्ग के लोगों को न्याय दिलाने हेतु सदैव तत्पर रहते थे। उनके निधन से विधि जगत् को अपूरणीय क्षति हुई है।

राज्यपाल ने दिवंगत पूर्व महाधिवक्ता स्व॰ राम बालक महतो की आत्मा को चिरशांति तथा शोक–संतप्त उनके परिजनों को धैर्य–धारण की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

……………………………………….